राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | मंगलवार, 03 मार्च 2026 | कीमत : 1रुपए

27,746 करोड़ की 16 योजनाएं मंजूर, वरला-पानसेमल सिंचाई परियोजना को हरी झंडी

पानसेमल विधायक श्याम बरडे के नेतृत्व में आदिवासी होली नृत्य दल की ने पारंपरिक वेशभूषा में आत्मीय अभिनंदन किया

नागलवाड़ी शिखरधाम से किसानों को बड़ा संदेश: बड़वानी में बनेगा मॉडर्न

बड़वानी में आधुनिक कृषि उपज मंडी और खेतिया मंडी को आदर्श बनाने की घोषणा।

मत्स्य, पशुपालन, सहकारिता व उद्यानिकी को हजारों करोड़ की स्वीकृति

किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत भीलटदेव की धरती से कृषि, सिंचाई और जनजातीय विकास पर केंद्रित ऐतिहासिक फैसले

मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को स्वीकृति, 3,000 करोड़ निवेश का लक्ष्य।



रमन बोरखड़े, बड़वानी

बड़वानी जिले के नागलवाड़ी स्थित शिखरधाम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। 16 योजनाओं पर 27,746 करोड़ रुपए मंजूर हुए। वरला-पानसेमल सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। मत्स्य, पशुपालन, सहकारिता, उद्यानिकी और कृषि विकास से जुड़े बड़े निर्णय लिए गए।

बड़वानी जिले के नागलवाड़ी स्थित भीलटदेव मंदिर के गार्डन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। करीब 25 मंत्री बैठक में शामिल हुए, जबकि कैलाश विजयवर्गीय और प्रह्लाद पटेल बैठक में उपस्थित नहीं रहे।

मुख्यमंत्री ने 24 फरवरी को विधानसभा सत्र के दौरान इस कृषि कैबिनेट की घोषणा की थी। यह प्रदेश सरकार की छठी डेस्टिनेशन कैबिनेट बैठक रही। बैठक में निमाड़ अंचल के सात जिलों खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ और आलीराजपुर से जुड़े कृषि एवं विकास मुद्दों पर विशेष फोकस रखा गया।

बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ शिखरधाम पहुंचकर बाबा भीलट देव के दर्शन किए।

16 योजनाओं पर 27,746 करोड़ की स्वीकृति

कृषि कैबिनेट में कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और सहकारिता विभागों की 16 योजनाओं के लिए 27,746 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में किसानों और उत्पादक गतिविधियों से जुड़े लोगों के हित में 25,678 करोड़ रुपए से संबंधित निर्णय लिए गए।

वरला-पानसेमल सिंचाई परियोजना को मंजूरी

बड़वानी जिले की दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2,067.97 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। वरला उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के तहत नर्मदा नदी से 51.42 एमसीएम जल उद्वहन कर 33 गांवों की 15,500 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई होगी। इसकी लागत 860.53 करोड़ रुपए है। पानसेमल माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजना के तहत 74.65 एमसीएम जल उद्वहन कर 53 गांवों की 22,500 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इसकी लागत 1,207.44 करोड़ रुपए है।



मत्स्य, पशुपालन और उद्यानिकी को बढ़ावा

मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को स्वीकृति दी गई। इसके अंतर्गत अगले तीन वर्षों में 3,000 करोड़ रुपए निवेश और 20,000 रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। लगभग एक लाख केज स्थापित किए जाएंगे। मत्स्य बीज संवर्धन, प्रशिक्षण, कोल्ड चेन, रेफ्रिजरेटेड वैन और फीड प्लांट पर सब्सिडी का प्रावधान रहेगा।

मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना को दो वर्षों के लिए 200 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 610.51 करोड़ रुपए तथा पशु स्वास्थ्य रक्षा और संवर्धन की 14 योजनाओं के लिए 1,723 करोड़ रुपए मंजूर हुए। पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र की 11 योजनाओं के लिए 6,518 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए।

सहकारिता और कृषि विकास परियोजनाएं

सहकारी बैंकों की अंश पूंजी सहायता योजना के लिए 1,975 करोड़ रुपए तथा सहकारी संस्थाओं के संचालन के लिए 1,073 करोड़ रुपए मंजूर किए गए। सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के संचालन के लिए 1,229 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास की 20 परियोजनाओं के लिए 3,502 करोड़ रुपए मंजूर किए गए।

बड़वानी में मॉडर्न कृषि उपज मंडी

मुख्यमंत्री ने बड़वानी में आधुनिक नवीन कृषि उपज मंडी स्थापित करने और खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे बड़ा मॉडर्न एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्केट बनाया जाएगा, ताकि केले और मिर्च जैसी बागवानी फसलों को बेहतर मूल्य मिल सके।

भगोरिया हाट में जनजातीय संस्कृति का सम्मान

बैठक के बाद मुख्यमंत्री बड़ जुलवानिया के भगोरिया हाट में शामिल हुए। हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगोरिया आदिवासी संस्कृति, प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने भगोरिया जैसे पारंपरिक त्योहारों को राष्ट्रीय पहचान देने का निर्णय लिया है। जनहित में की गई मांगों को पूरा किया जाएगा। सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़वानी जिले को 27 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है।

भीलट देव व्याख्यान केंद्र का लोकार्पण

भीलटदेव शिखरधाम मंदिर पर लगभग 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित भीलट देव व्याख्यान केंद्र का लोकार्पण किया गया। यह केंद्र मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित तथा खनिज संसाधन विभाग से स्वीकृत है।







हेलीपैड पर विधायक बरडे ने किया सीएम का स्वागत

नागलवाड़ी में हेलीपैड पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पानसेमल विधायक श्याम बरडे के नेतृत्व में पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी होली नृत्य दल की ने पारंपरिक वेशभूषा में आत्मीय अभिनंदन किया इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल व अन्य जनप्रतिनिधि का उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अजजा आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य मंचासीन रहे। कलेक्टर जयति सिंह सहित जिलेभर के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।